UNIVERSITY NEWS 21 NOVEMBER 2026

HINDUSTAN

छात्रवृत्ति सत्यापन का एक और मौका

लखनऊ विवि

22 नवंबर तक खुला रहेगा समर्थ पोर्टल

- 9,460 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक पूरा हो चुका

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। छात्रवृत्ति के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं करा पाने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। विश्वविद्यालय प्रशासन के लगातार प्रयासों के बाद समाज कल्याण विभाग ने शुक्रवार को छात्रवृत्ति पोर्टल दोबारा खोल दिया।

इससे सत्यापन और बायोमेट्रिक अग्रसारण की प्रक्रिया अधूरी छोड़ने वाले विद्यार्थियों को एक और अवसर मिल गया है। विश्वविद्यालय में बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया 22 नवंबर तक जारी रहेगी।

विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, छात्रवृत्ति के लिए कुल 13,072 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। इनमें से अब तक 11,243 विद्यार्थियों के आवेदन की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा हो चुकी है। वहीं, 9,460 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है। शेष विद्यार्थियों को निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से पत्राचार कर पोर्टल दोबारा खुलवाने का अनुरोध किया था। प्रशासन के प्रयास सफल होने के बाद विद्यार्थियों को सत्यापन पूरा करने का अतिरिक्त अवसर मिल सका है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शेष विद्यार्थियों से अपील की है कि वे बिना देरी किए मैत्री भवन पहुंचकर अपने आवेदन की हार्डकॉपी जमा करने के साथ बायोमेट्रिक की प्रक्रिया पूरीकर लें।

HINDUSTAN

लविवि में बाइटस्टार्ट कार्यशाला शुरू हुई

लखनऊ। लखनऊ विवि के 106वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ शुक्रवार को 'बाइटस्टार्ट 2026–कोडिंग एवं नवाचार कार्यशाला' के साथ हुआ। ऑनलाइन आयोजित कार्यशाला में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में सबस्ट्रिंग टेक्नोलॉजीज के सीईओ एवं निदेशक तथा 'लर्न कोड विद दुर्गेश' के संस्थापक दुर्गेश तिवारी ने विद्यार्थियों को जानकारी दी।

एलयू की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विवि ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं एक से 21 दिसंबर तक होंगी। इसमें नियमित, बैक पेपर और इम्प्रूवमेंट परीक्षाएं शामिल हैं। एमएससी बायोटेक्नोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं दो से 11 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की एक से आठ दिसंबर तक होंगी। इनके बैक पेपर एक से 10 दिसंबर तक होंगे। एमएससी फिजिक्स की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दो से 15, तृतीय सेमेस्टर की एक से 10 दिसंबर तक होगी। विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

AMAR UJALA

लविवि : पोर्टल खुला तो उमड़े विद्यार्थी

बायोमीट्रिक सत्यापन के लिए समाज कल्याण विभाग ने दिया तीन दिन का अतिरिक्त समय

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। छात्रवृत्ति के लिए बायोमीट्रिक सत्यापन न करा पाने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को शुक्रवार को आखिरकार राहत मिल गई। तीन दिन के लिए समाज कल्याण विभाग ने पोर्टल खोल दिया। विवि से जैसे ही यह सूचना छात्र-छात्राओं तक पहुंची तो मैत्री भवन में सैकड़ों विद्यार्थियों की भीड़ लग गई। शुक्रवार को 750 और विद्यार्थियों की बायोमीट्रिक कराई गई जबकि आवेदन करने वाले 400 छात्रों के प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) भी जमा कराई गईं।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि तीन दिन का समय मिला है लेकिन इतने कम समय में आवेदन के प्रिंटआउट जमा करने वाले छात्रों के अलावा उन छात्रों की भी बायोमीट्रिक करानी है जिन्होंने प्रिंटआउट नहीं जमा किया था। अब तक 9460 छात्रों के आवेदन के प्रिंटआउट जमा कराए जा चुके हैं। अगले दो दिन में भी कोशिश रहेगी कि ऐसे सभी छात्रों की बायोमीट्रिक करा ली जाए जिन्होंने हार्डकॉपी जमा कर दी है। शुक्रवार को न्यू कैंपस के छात्रों को वरीयता दी गई और उनकी बायोमीट्रिक कराई गई।

मालूम हो कि कुल 13070 छात्रों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया था जिसमें से 10843 ने ही आवेदन का प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) विवि को उपलब्ध कराया था। शुक्रवार को 400 छात्रों के आवेदन की हार्डकॉपी जमा होने के बाद यह संख्या अब यह संख्या 11243 हो गई है। शुक्रवार से पहले तक 8710 छात्रों का बायोमीट्रिक सत्यापन किया गया था और शुक्रवार को 750 अन्य छात्रों की बायोमीट्रिक होने के बाद यह संख्या अब 9460 पहुंच गई है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि प्रयास है कि सभी छात्रों की बायोमीट्रिक तय समय पर करा ली जाए।



लखनऊ विवि में बायोमीट्रिक सत्यापन के लिए आए विद्यार्थी। -अमर उजाला

- शेड्यूल जारी : लविवि प्रशासन की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, 21 नवंबर को सामान्य वर्ग के रजिस्ट्रेशन नंबर 1551 से 2100 तक के विद्यार्थियों का सत्यापन सुबह 8:30 से दोपहर 1:30 बजे तक होगा। अल्पसंख्यक वर्ग के 451 से 653 तक के विद्यार्थियों का सत्यापन दोपहर 1:30 से तीन बजे तक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 1051 से 1360 तक के विद्यार्थियों का सत्यापन दोपहर 3:30 से शाम 5:30 बजे तक और अन्य पिछड़ा वर्ग के 1751 से 2000 तक के विद्यार्थियों का सत्यापन शाम 5:30 से सात बजे तक किया जाएगा। वहीं, 22 नवंबर को अन्य पिछड़ा वर्ग के रजिस्ट्रेशन नंबर 2001 से 2767 तक के विद्यार्थियों का सत्यापन सुबह 8:30 से दोपहर तीन बजे तक और सामान्य वर्ग के 2101 से 2731 तक के विद्यार्थियों का सत्यापन दोपहर 3:30 से शाम सात बजे तक होगा।

I NEXT

दहेज प्रथा के खिलाफ युवा वर्ग आए आगे

LUCKNOW (20 Nov): लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना के 106 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को लतीफनगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में आनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया. इसमें दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रति जागरुकता विषय पर मुख्य वक्ता हैदराबाद के विवेक रेड्डी ला चैंबर की अधिवक्ता अंजली सिंह ने व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि दहेज लेना और देना दोनों ही कानूनन अपराध है. इसके लिए आर्थिक दंड का भी प्रविधान है. समाज से इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा. उन्होंने छात्र-छात्राओं को दहेज प्रथा के विरुद्ध जागरुकता फैलाने और इसके उन्मूलन में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया. महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुषमा देवी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया. उन्होंने उम्मीद जताई कि व्याख्यान से छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य के लिए महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी.

NBT

डिबेट प्रतियोगिता में ऋषभ और शिवानी बने विजेता

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** एलयू के 106वें स्थापना दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग ने 20 नवंबर को वाद-विवाद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। 'स्मार्ट सिटी बनाम पारंपरिक नगर नियोजन' विषय पर हुई डिबेट में पक्ष में ऋषभ साहू (एमए तृतीय सेमेस्टर) और विपक्ष में शिवानी पाठक (एमए तृतीय सेमेस्टर) विजेता बने। छात्रों ने स्मार्ट तकनीक, पर्यावरण, विरासत और आम लोगों की जरूरतों पर तर्क रखे। मुख्य अतिथि कला संकाय के डीन प्रो. अरविंद मोहन ने भूगोल और नीति-निर्माण में जियोस्पेशियल डेटा का महत्व बताते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। डीन प्रो. अमिता कनौजिया, विभागाध्यक्ष प्रो. गीतिका टंडन, डॉ. मयंक उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR

लविवि में साहित्यिक कार्यशाला आयोजित

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस पर अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग ने दो दिवसीय साहित्यिक एवं अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किया। पहले दिन 'कैंपस क्रॉनिकल्स' के तहत स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता हुई। निर्णायक प्रो. आरबी शर्मा और डॉ. सुचित्रा प्रसाद रहीं। दूसरे दिन 'हेलो स्ट्रेस' विषय पर कार्यशाला हुई। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अर्चना शुक्ला ने विद्यार्थियों को तनाव के कारणों, प्रभावों और उससे निपटने के उपाय बताए। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन का महत्व समझाया। आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. नाजनीन ख़ान की संयोजकता में हुआ।

लविवि में जनगणना जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस के तहत विभिन्न विभागों में शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एनएसएस की ओर से जनगणना-2027 के तहत स्वगणना जागरूकता कार्यक्रम हुआ। सामाजिक कार्य विभाग में इसका शुभारंभ कला संकायाध्यक्ष प्रो. अरविंद मोहन ने किया। उन्होंने कहा कि जनगणना का कोई विकल्प नहीं है। जनगणना निदेशालय के उप निदेशक गौरव पांडेय ने युवाओं से स्वगणना में भागीदारी और समाज को जागरूक करने की अपील की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार और स्वगणना नोडल अधिकारी डॉ. आरके त्रिपाठी ने भी विचार रखे। समापन डॉ. आनंद बल्लभ जोशी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। भूगोल विभाग में वाद-विवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

आर्यांशी ने स्वयम एनपीटीईएल में हासिल की सफलता

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की बीए (एनईपी) पंचम सेमेस्टर की छात्रा आर्यांशी त्रिपाठी ने स्वयम एनपीटीईएल के जुलाई-दिसम्बर 2026 सत्र में पंजीकृत सभी आठ प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। आर्यांशी ने चार पाठ्यक्रमों में एलाइट और गोल्ड प्रमाणपत्र, जिनमें तीन पाठ्यक्रमों में टॉपर रैंक प्राप्त की, जबकि शेष चार पाठ्यक्रमों में एलाइट और सिल्वर प्रमाणपत्र हासिल किए। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी ने आर्यांशी को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

I NEXT

विषम सेमेस्टर के एग्जाम 1 दिसंबर से

LUCKNOW (20 Nov): एलयू ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के कार्यक्रम जारी कर दिया है. एमएससी बायोकेमिस्ट्री और बायोटेक्नोलाजी प्रथम सेमेस्टर की नियमित व बैक पेपर परीक्षाएं, दो से 11 दिसंबर तक होंगी. वहीं तृतीय सेमेस्टर की नियमित परीक्षाएं एक से आठ दिसंबर और बैक पेपर की एक से 10 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी. एमए होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 15 दिसंबर तक होंगी. एलएलएम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सात से 19 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की 10 से 23 दिसंबर तक निर्धारित हैं. एमए भूगोल प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 14 दिसंबर तथा तृतीय सेमेस्टर की एक से 10 दिसंबर (न्यू कोर्स) और एक से 12 दिसंबर (ओल्ड कोर्स) तक होंगी. एमएससी जूलाजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सात से 15 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की तीन से 12 दिसंबर तक होंगी। एमए डिफेंस स्टडीज प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 14 दिसंबर तथा तृतीय सेमेस्टर की एक से 10 दिसंबर (न्यू कोर्स) और एक से आठ दिसंबर (ओल्ड कोर्स) तक होंगी.

DAINIK JAGRAN

लवि : कई और पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के कार्यक्रम जारी कर दिया है। एमएससी बायोकेमिस्ट्री और बायोटेक्नोलाजी प्रथम सेमेस्टर की नियमित व बैक पेपर परीक्षाए दो से 11 दिसंबर तक होंगी। वहीं तृतीय सेमेस्टर की नियमित परीक्षाए एक से आठ दिसंबर और बैक पेपर की एक से 10 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। एमए होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 11 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की एक से 15 दिसंबर तक होंगी। एलएलएम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाए सात से 19 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की 10 से 23 दिसंबर तक निर्धारित हैं।

AMAR UJALA

विषम सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर कुछ और विषयों की समय-सारिणी घोषित कर दी है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक, विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं एक दिसंबर से 21 दिसंबर तक चलेंगी। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)



NBT

LU : स्कॉलरशिप के लिए बायोमीट्रिक शुरू

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स के लिए बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन प्रक्रिया पोर्टल खुल गया है। इसी के साथ एक बार फिर से वेरिफिकेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कोई भी आवेदक बायोमीट्रिक कराने में न चूके इसके लिए कुलसचिव कार्यालय ने छात्रों के लिए सार्वजनिक अपील जारी की है।डीएसडब्ल्यू प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा पोर्टल खोले जाने के बाद जो भी अब तक बायोमीट्रिक नही करा पाए है वह मुख्य परिसर स्थित मैत्री भवन में इसे करवा लें। न्यू कैंपस से छात्रों को लाने और ले जाने के लिए बस लगाई गई है।